# साहित्योत्सव में देशभर के 250 लेखक हिस्सा लेंगे

नई दिल्ली | **प्रमुख संवाददाता**

साहित्योत्सव 24 से 29 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस उत्सव में देश के कोने-कोने से विभिन्न भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 250 लेखक शामिल होंगे। उत्सव का आरंभ वर्षभर की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली अकादमी प्रदर्शनी से होगा। इसका उद्घाटन प्रख्यात लेखिका मन्नू भंडारी करेंगी।

समारोह का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादमी पुरस्कार 2019 अर्पण समारोह कमानी सभागार में होगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित कवि, कथाकार एवं फिल्म निर्देशक गुलजार होंगे।

**पहली बार 15 आदिवासी समूह हिस्सा ले रहे :** सम्मिलन में 38 आदिवासी समुदायों के लेखक-कवि भाग ले रहे हैं। इनमें से 15 आदिवासी समुदाय पहली बार अकादमी के साहित्योत्सव में शामिल होंगे।

**बच्चे बुनेंगे कहानी :** बच्चों को साहित्य से जोड़ने के लिए एक विशेष कार्यक्रम 'आओ कहानी बुनें' का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए कविता, कहानी लेखन प्रतियोगिता आयोजित होंगी।

**एलजीबीटीक्यू का कवि सम्मेलन :** एलजीबीटीक्यू कवि सम्मिलन 27 फरवरी को आयोजित होगा।

# साहित्य प्रेमियों का संगम

संस्कृति, साहित्य और देश की करीब दो दर्जन भाषाओं के प्रोत्साहन में जुटी, आलोचना से परे राह बनाती साहित्य अकादेमी के साहित्योत्सव-2020 में इस बार जिज्ञासुओं को करीब ढाई सौ लेखकों/विद्वानों से ज्ञानार्जन का सुयोग है। इस छह दिवसीय (24-29 फरवरी) सांस्कृतिक उत्सव को जहां आरंभ में मशहूर रचनाकार वयोवृद्ध मन्नू भंडारी का सान्निध्य मिलेगा, वहीं 'प्रादेशिकता, पर्यावरण और साहित्य' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 27 फरवरी को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का संवत्सर व्याख्यान विशेष आकर्षण होगा। अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव के मुताबिक, आदिवासी सम्मिलन, युवा साहिती, आमने-सामने, पूर्वोत्तरी, अनुवाद, नाट्य लेखन, आओ कहानी सुनें के साथ ही गत वर्ष की तरह एलजीबीटीक्यू कवि सम्मेलन इस बार भी आयोजित है। नई दिल्ली के फीरोजशाह रोड स्थित रवींद्र भवन परिसर के इस उत्सव में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही कर्नाटक के लोकापुर की विशेष प्रस्तुति का आनंद भी संस्कृति-प्रेमी उठाएंगे। उत्सव का एक अन्य विशेष आकर्षण कमानी सभागार में 25 की शाम को साहित्य अकादेमी पुरस्कार समारोह होगा। इसके मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित कवि-कथाकार, निर्देशक गुलजार की नज्मों के लुत्फ का भी यह एक सुअवसर होगा। अनुवाद कला, मीडिया और साहित्य वगैरह मौजूं विषयों पर परिचर्चा के साथ ही मशहूर कथाकार/ वाचक महमूद फारूकी की दास्तानगोई और नई फसल कार्यक्रम, उम्मीद है कुछ नया रंग बिखेरेंगे।

आउटलुक डेस्क

# साहित्योत्सव 24 से

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** हर पाठक चाहता है कि उसकी पसंद की कृति की रचना किस तरह से लेखक ने की। वह क्या सोचता था और पाठक उस कृति को पढ़ने के बाद क्या सोचता है। इन्ही सब सवालों का जबाव सोमवार से शुरू होने जा रहे 'साहित्योत्सव' में पाठक पा सकते हैं। इतना ही नहीं उनके रचनाकर्म के बारे में भी विस्तार से जान सकते हैं। देशभर के साहित्यकारों का यह जमावड़ा साहित्य अकादमी की ओर से सम्मानित लेखकों के रचनाकर्म के बारे में चर्चा और उन्हें सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह 'साहित्योत्सव' में मिलेगा। साहित्य अकादमी का वार्षिक साहित्यिक समारोह 'साहित्योत्सव' 24 तारीख से शुरू होगा और 29 फरवरी तक चलेगा। अकादमी के अनुसार 'साहित्योत्सव' का उद्घाटन जानी-मानी हिन्दी लेखिका मन्नू भंडारी यहां रवींद्र भवन परिसर में करेंगी। महोत्सव की शुरूआत वर्ष 2019 की अकादमी की गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी से होगी और इसके औपचारिक उद्घाटन सत्र को भाषाविद् तथा विदुषी अन्विता अब्बी संबोधित करेंगी। इस सत्र में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर काम्बर और अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव भी शिरकत करेंगे।